कार्यालय
अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
मौहल्ला सिरसागढ़ पड़की, बम्बूगढ चौराहा/न्यू रोडवेज बस स्टैण्ड के पीछे कांकर सराय वाई पास रोड, अमरोहा-244221

पत्रांक 2706 / न्यूज कटिंग / 115 दिनांक 03/06/26

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
लखनऊ।

विषयः– जनपद अमरोहा के दैनिक समाचार पत्र (दिनांक 03.06.2026) अमर उजाला में प्रसारित न्यूज के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला (03.06.2026) में प्रसारित न्यूज अधोहस्ताक्षरी को WhatsAPP के माध्यम से प्राप्त हुयी है, के संदर्भ में खण्ड से सम्बन्धित आख्या निम्नानुसार प्रेषित है–

**अद्यतन आख्या निम्नानुसार है–**

| हैड लाइन | आख्या |
|---|---|
| **"ओवर हैड टैंक बनाने के लिए डेढ़ करोड़ का काम शुरू कर भूले अधिकारी–कर्मचारी"** | ➢ वर्तमान में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत स्वीकृत 495 नग पेयजल योजनाओं (राजस्व ग्राम 884) में 884 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 676 राजस्व ग्रामों में फर्म द्वारा पेयजलापूर्ति की जा रही है।<br><br>➢ 493 नग ओ.एच.टी. के सापेक्ष 183 नग ओ.एच.टी. का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है, अवशेष कार्य प्रगति पर हैं।<br><br>➢ जनपद में औसतन 95.43 प्रतिशत ग्रामीणो को पेयजल कनेक्शन देने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। अवशेष कार्य प्रगति पर हैं।<br><br>➢ पाइप लाइन बिछाने हेतु तोड़ी गयी सड़को को पाइप बिछाने के उपरान्त सड़क को मोटरेबल कर दिया जाता है तथा पेयजल कनेक्शन एवं हाईड्रोटैस्टिंग उपरान्त सड़को को Permanent पुर्नस्थापित कर दिया जाता है।<br><br>➢ **पाल पेयजल योजना वि0ख0 गजरौला मजरा भारापुर माफी** के कार्य मैसर्स पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल0 जेवी, मुरादाबाद द्वारा कार्य कराये जा रहे है। उक्त ग्राम में शिरोपरि जलाशय का कार्य अवशेष, पम्प हाउस का कार्य 90 प्रतिशत, वाउड्रीवॉल का कार्य 85 प्रतिशत पूर्ण, पाइप लाइन का कार्य 6.40 कि0मी0 के सापेक्ष 5.96 कि0मी0 पूर्ण व गृहजल संयोजन 509 नग के सापेक्ष 330 नग पूर्ण एवं रास्तों को पूर्व में मोटरेवल कर दिया गया है। उक्त के अतिरिक्त अवगत कराना है कि पेयजल योजना पर विद्युत संयोजन की धनराशि को पूर्व में विद्युत विभाग को अनुबन्धित फर्म द्वारा जमा कर दी गई है एवं विद्युत |

Scanned with CamScanner

| | |
|---|---|
| | संयोजन का कार्य अभी तक पूर्ण न होने के कारण पेयजल आपूर्ति बाधित है। विद्युत हाईटेंशन लाइन जलकल परिसर के ऊपर से गुजर रही है जिस हेतु विद्युत विभाग को हाईटेंशन लाइन हटाने हेतु अवगत कराया जा चुका है जिस कारण जलकल परिसर के निर्माण कार्य बाधित है। जिस हेतु अधिशासी अभियन्ता .वि0/या0 खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),मुरादाबाद द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। |

उक्त के अतिरिक्त अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत भारत सरकार के पत्रांक W-11011/30/2021-JJM-1-DDWS दिनांक 16.10.2025 द्वारा कार्य पूर्ण करने की तिथि 31 दिसम्बर 2028 तक विस्तारित कर दिया गया है, माह दिसम्बर 2027 तक कार्य पूर्ण कर नियमित रूप से पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी, सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय

(चन्द्रहास)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1— अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) मुरादाबाद।
2— जिलाधिकारी महोदय, जनपद अमरोहा
3— मुख्य विकास अधिकारी महोदय, जनपद अमरोहा।
4— जिला सूचना अधिकारी, अमरोहा।
5— अधिशासी अभियन्ता वि0/या0 खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),मुरादाबाद को इस आशय के साथ कि उक्त योजना पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए शीघ्र विघुत संयोजन एवं हाईटेंशन लाइन हटाने का कार्य पूर्ण कराने का कष्ट करें।
6— सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जू0इं0।
7— मैसर्स—पी0एन0सी0—एस0पी0एम0एल0 जेवी, मुरादाबाद को इस निर्देश के साथ कि अवशेष कार्य ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with CamScanner

अमर उजाला

# ओवरहेड टैंक बनाने के लिए डेढ़ करोड़ का काम शुरू कर भूले अधिकारी-कर्मचारी

Vimal Sharma Updated Wed, 03 Jun 2026 07:27 PM IST

Add as a preferred source on google




जल जीवन मिशन ने पाइप लाइन से घर-घर पानी पहुंचाने के लिए डेढ़ करोड़ रुपये का काम शुरू कर उसकी सुध नहीं ली। सबमर्सिबल लगाकर और ओवरहेड टैंक बनाने के लिए गड्ढा खोदकर छोड़ दिया। पाल और भारापुर माफी गांव के लोग हैंडपंप से प्यास बुझा रहे हैं। ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत पाल में भारापुर माफी मजरा लगता है। दोनों गांव में पाइप लाइन से शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन ने अगस्त-22 में भारापुर माफी में काम शुरू किया। उसने बिजलीघर के निकट सबसे पहले सबमर्सिबल लगाया। इसके बाद ओवरहेड टैंक बनाने के लिए गड्ढा खोदा गया। जल जीवन मिशन के अधिकारियों ने दर्शाया कि इस योजना पर 149.54 लाख रुपये खर्च होंगे। दोनों गांवों में पानी पहुंचाने के लिए पाइप मंगा लिए। ग्रामीण बड़े खुश हुए कि अब उनको पाइप लाइन से शुद्ध पेयजल मिलेगा। काम शुरू होने के साथ ही ग्राम प्रधान अंजू सिंह चौहान व दोनों गांवों के लोगों ने मिशन के अधिकारियों से कहा कि पाइप लाइन बिछाने से पहले ओवरहेड टैंक पूरा बनवा लें। इसके बाद पाइप लाइन बिछवाएं। उधर भारापुर माफी के कुछ लोगों ने पाइप लाइन बिछाने पर आपत्ति जताई। इसके बाद मिशन के अधिकारी और कर्मचारी काम शुरू करने के बाद नहीं लौटे। लिहाजा दोनों गांवों के लोग हैंडपंप या सबमर्सिबल से अपनी पेयजल की आपूर्ति कर रहे हैं। ग्राम प्रधान अंजू सिंह चौहान का कहना है कि उन्होंने कई बार उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया, लेकिन कोई नहीं सुन रहा है।